बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।
# निदेशक का कार्यालय, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

## अल्पकालीन निविदा सूचना
## सं० 04/2020–21

1– विभाग का नाम– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार
2– विज्ञापनदाता का नाम– निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना,
3– निविदा की अवधिः– 01–01–2021 से 30–11–2021
4– निविदा प्राप्त करने की तिथिः– 24–12–2020 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5– निविदा खोलने की तिथिः– 24–12–2020 को 3.00 बजे अपराह्न।
6– अग्रधन राशिः– निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट।

| क्र० सं० | निविदा का विवरण | अग्रधन की राशि | जमानत राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के वन्य जन्तुओं के लिये विभिन्न ग्रुपों यथा ग्रुप 'क' (अंश) 'ग', 'घ' (अंश), 'ड़'(अंश) तथा 'च' के आहार सामग्री की आपूर्ति। | विभिन्न ग्रुपों के लिये अलग–अलग राशि। (विवरण निविदा शर्त में देखें) | पूरी अवधि की अनुमानित आपूर्ति की दस प्रतिशत राशि। | प्रत्येक ग्रुप के लिए रू० 1000/– (एक हजार) प्रति विपत्र। |

निविदा से संबंधित जानकारी निदेशक कार्यालय से कार्यावधि में प्राप्त की जा सकती है तथा www.forest.bih.nic.in/www.zoopatna.com वेबसाईट पर भी देखा जा सकता है।

(अमित कुमार)
निदेशक।

*भ्रष्टाचारी के दबाव में मत रहें, निगरानी विभाग से मिलकर कहें।*

# संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

## वन्य जन्तुओं के लिए खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तें।

1. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने के लिये नीचे कंडिका–5 में वर्णित विभिन्न आहार ग्रुपों के लिये विहित प्रपत्र में दिनांक 24–12–2020 को 2.00 बजे अपराह्न तक निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के पदनाम से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदाकर्ता **'तकनीकी बिड'** तथा **'वित्तीय बिड'** दो अलग–अलग प्रपत्रों में भरकर निविदा समर्पित करेंगे।

2. निविदाकर्ता 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' दो अलग–अलग लिफाफों में डालकर एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफों को एक अलग मास्टर लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी बिड के लिफाफे पर 'तकनीकी बिड' तथा उसपर अपना नाम–पता अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय बिड' के लिफाफे पर 'वित्तीय बिड' लिखकर अपना नाम–पता अंकित करेंगे। मुख्य (मास्टर) लिफाफा जिसके अन्दर 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' के दोनों लिफाफे रहेंगे जिसपर ''ग्रुप'' अंकित कर अपना नाम–पता अंकित करेंगे। तक़नीकी बिड में सफल पाये जाने पर संबंधित निविदाकर्त्ता का वित्तीय बिड खोला जायेगा।

3. प्राप्त निविदायें दिनांक 24–12–2020 को 3.00 बजे अपराह्न में निविदाकर्त्ताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। यदि कोई निविदाकर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं, तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।

4. निविदा का शर्त एवं प्रपत्र निदेशक कार्यालय से रूपये 1000/– (रूपये एक हजार) प्रति की दर से दिनांक 24–12–2020 के 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यावधि में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रपत्र का मूल्य अप्रत्यर्पणीय होगा।

5. निविदाकर्त्ता को अपनी निविदा के साथ सत्यंकार राशि जमा करना होगा जो निम्नवत् हैः–

| **ग्रूप** | **सामग्री** | **सत्यंकार राशि** |
|---|---|---|
| ग्रूप ''क'' (अंश) | सूखी सामग्रियाँ | रू० 25,000–00 (पचीस हजार) |
| ग्रूप ''ग'' | मुर्गा | रू० 25,000–00 (पचीस हजार) |
| ग्रूप ''घ'' (अंश) | मछली | रू० 25,000–00 (पचीस हजार) |
| ग्रूप ''ड़'' (अंश) | फल, सब्जी इत्यादि | रू० 20,000–00 (बीस हजार) |
| ग्रूप ''च'' | विभिन्न प्रकार के घास | रू० 25,000–00 (पचीस हजार) |

नोटः– खाद्य सामग्रियों का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है।

**(क) निविदाकर्त्ता द्वारा निविदा के तकनीकी बिड के साथ समर्पित किये जाने वाले कागजातः–**

I- निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से अपलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 1000/– का डिमांड ड्राफ्ट।

II- निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में सत्यंकार राशि (उपर्युक्त कंडिका बिन्दु–5 में उल्लेखित) का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट का प्रमाण जो पटना में भुगतेय हो।

III- पैन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति तथा विगत दो वर्षों के आयकर रिटर्न का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।

कृ०पृ०उ०

IV- निविदाकर्त्ता को जी.एस.टी. का निबंधन प्रमाण पत्र का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।

V- निविदाकर्त्ता यदि सरकारी संस्थान में पशु आहार सामग्री आपूर्ति का कार्य किए हों तो उक्त संबंधी कार्यादेश की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति।

VI- पता और पहचान से संबंधित प्रमाण—पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।

VII- राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्त्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर।

VIII- सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदाकर्त्ता का नाम दर्ज होने/ न होने संबंधी घोषणा—पत्र।

IX- ग्रुप 'क' के निविदाकर्त्ता सामग्री का अलग—अलग नमूना पारदर्शक सीलबंद एवं हस्ताक्षरित डिब्बे में निविदा समिति के समक्ष **तकनीकी बिड** खोलने के समय समर्पित करेंगे अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।

**नोटः— निविदाकर्ता, निविदा खोलने के समय सभी प्रमाण—पत्रों/अभिलेखों का मूल प्रति निविदा समिति के समक्ष समर्पित करेंगे।**

**(ख) वित्तीय बिड**

I- निविदाकर्त्ता, निविदा प्रपत्र में सामग्रियों के लिये अलग—अलग एवं साफ—साफ दर अंकित करेंगे जो अंक, शब्द दोनों में होगी। उनके द्वारा अर्पित दर में सभी प्रकार के कर सम्मिलित होंगे तथा संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के आहार गोदाम पर सामग्री पहुंचाकर होगा। आयकर तथा जी.एस.टी. के देय राशि की कटौती आपूर्तिकर्त्ता के विपत्र से की जायेगी। सशर्त एवं त्रुटिपूर्ण निविदा अमान्य है।

**(ग) अन्य शर्तेः—**

1. निविदा समिति बाजार **मूल्य** से बहुत अधिक अथवा बहुत कम अर्पित दर को अस्वीकार कर सकती है।

2. सफल निविदाकर्त्ता को निविदा की स्वीकृति की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर रू० **1000/— (एक हजार रूपये)** के ननजूडिसियल स्टाम्प पेपर के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर एकरारनामा (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करना होगा तथा निविदा अवधि के दौरान आपूर्ति की जाने वाली कुल सामग्री के मूल्य की **10%** (दस प्रतिशत) राशि **जमानत राशि** के रूप में जमा करनी होगी। जमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक के एस०टी०डी०आर० के रूप में होगा जो निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में प्लेज्ड होना चाहिए। वर्त्तमान के आपूर्तिकर्त्ता भी यदि नये आपूर्तिकर्त्ता के रूप में चयनित होते हैं तो उन्हें नये सिरे से जमानत की राशि जमा करनी होगी।

3. ग्रुप 'क' के सफल निविदाकर्त्ता को वाणिज्य—कर विभाग द्वारा निर्गत "कर—चुकता" प्रमाण—पत्र जमा करने के उपरांत आहार आपूर्ति विपत्र का भुगतान किया जायेगा।

4. असफल निविदाकर्त्ता की सत्यंकार राशि निविदा के अन्तिम निर्णय के दो सप्ताह के अन्दर वापस कर दी जायेगी।

5. यदि सफल निविदाकर्त्ता जमानत की राशि निर्धारित समय पर जमा करने में एवं एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहते हैं तो उनके द्वारा जमा की गयी सत्यंकार राशि राज्यसात कर कृष्णचिन्हित कर दिया जायेगा।

6. खाद्यानों की आवश्यकता घट—बढ़ सकती है, अतः आवश्यकतानुसार ही आपूर्ति ली जायेगी। खाद्य सामग्रियों की आवश्यकता के अनुसार मात्रा घटाने—बढ़ाने तथा निविदा अवधि में परिवर्तन का अधिकार निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पास सुरक्षित रहेगा।

7. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री उच्च कोटि की होनी चाहिए। **आहार गोदाम पर प्रतिदिन आपूर्ति किए गए सामग्रियों का निरीक्षण पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। जिस माह में आपूर्ति की गई कुल सामग्रियों में खराब सामग्री की छंटनी यदि 3% (तीन प्रतिशत) से उपर होगी तो उस माह में भुगतान की जाने वाली राशि से 10% राशि की कटौती कर ली जाएगी।**

कृ०पृ०उ०

8. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उल्लंघन अथवा आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते हैं अथवा घटिया गुणवत्ता एवं निम्न कोटि की सामग्री की आपूर्ति करते हैं तो निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को यह अधिकार होगा कि वे निविदा अवधि के दौरान आपूर्तिकर्त्ता के संविदा को रद्द कर दें तथा जमानत की राशि राज्यसात कर लें।

(क) निविदा अवधि (01–01–2021 से 30–11–2021) के बीच में सामग्री की आपूर्ति लगातार नहीं करने पर कंडिका–8 के अनुसार आपूर्तिकर्त्ता के संविदा को रद्द करते हुए कृष्णचिन्हित कर दिया जायेगा।

9. आपूर्तिकर्त्ता को सूखे सामग्रियों की आपूर्ति **(सामान्यतः ग्रुप 'क' की सामग्री)** एक सप्ताह के लिये करनी होगी एवं एक सप्ताह से ज्यादा का स्टॉक (भंडारण) आपूर्ति नहीं करेंगे। आपूर्ति के लिये सफल निविदाकर्त्ता (आपूर्तिकर्त्ता) सामान्यतः सामग्री समाप्त होने के दो दिन पूर्व आहार गोदाम प्रभारी से आदेश प्राप्त करेंगे। बाकी ग्रुपों के सामग्रियों की आपूर्ति जो खराब हो जाने वाली हैं, किसी भी हालत में प्रत्येक दिन **दस बजे** पूर्वाह्न से पूर्व आहार गोदाम पर करनी होगी अन्यथा विलम्ब होने पर सामग्री वापस कर दी जाएगी एवं बाजार से क्रय कर ली जाएगी।

10. सफल निविदाकर्त्ता को अपना साफ–साफ पूरा पत्राचार का पता, मोबाईल नम्बर तथा एमरजेंसी मोबाईल नम्बर निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को देना होगा। निविदाकर्त्ता द्वारा दिए गए पते पर किया गया पत्राचार निविदाकर्त्ता को मान्य होगा।

11. आपूर्तिकर्त्ता को आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नियमित रूप से करनी होगी। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो निविदा की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी एवं बाजार से सामग्री क्रय करने की स्थिति में जो अधिक भुगतान करना पड़ेगा उसकी वसूली आपूर्तिकर्त्ता के विपत्र से कर ली जायेगी। बाजार से सामग्री क्रय के लिये बाजार जाने एवं सामग्री लाने पर जो भी भाड़ा व्यय होगा, उसकी भी वसूली आपूर्तिकर्त्ता से की जायेगी।

12. यदि आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो सामग्री को स्वीकार नहीं किया जायेगा और लौटा दिया जायेगा। मछली के आपूर्तिकर्त्ता मछली को थर्मोकोल/स्टाईरोफोम बॉक्स में लाने की स्थिति में मछली आपूर्ति के बाद उस बॉक्स को उद्यान से उसी दिन वापस ले जायेंगे।

13. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति की गयी निम्न कोटि की अस्वीकृत सामग्री को आपूर्तिकर्त्ता आहार गोदाम से तुरंत हटा लेंगे। यदि आपूर्तिकर्त्ता उसे नहीं हटाते हैं तो निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना अथवा उनके प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा उसे हटवा दिया जायेगा और उसके हटवाने पर जो खर्च होगा उसे आपूर्तिकर्त्ता से वसूल किया जायेगा। आपूर्तिकर्त्ता को इस कार्य से होने वाली क्षति की जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी।

14. सामग्रियों की आपूर्ति की किस्म एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय एक समिति द्वारा किया जायेगा जिसके सदस्य उप निदेशक, पशुचिकित्सा पदाधिकारी, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी एवं प्रभारी आहार गोदाम होंगे। समिति द्वारा लिया गया निर्णय यदि आपूर्तिकर्त्ता को मान्य नहीं होगा तो वैसी हालत में अन्तिम निर्णय निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना द्वारा किया जायेगा।

15. सफल निविदाकर्त्ता स्वीकृत सामग्रियों की आपूर्ति स्वंय करेंगे। अपने निविदा को अथवा उसके किसी अंश (सामग्री) को आपूर्ति करने के लिए वे किसी अन्य व्यक्ति को नहीं देंगे। ऐसा पाये जाने पर निविदा को रद्द करने का अधिकार निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को सुरक्षित रहेगा।

16. आपूर्तिकर्त्ता जितने भी सामग्रियों की आपूर्ति आहार गोदाम पर करेंगे उसकी प्राप्ति रसीद छः प्रतियों में तैयार कर आहार गोदाम प्रभारी से हस्ताक्षर करा लेंगे। इसकी एक प्रति आहार गोदाम प्रभारी के पास रहेगी, एक प्रति गेट न० 2 के प्रभारी के पास तथा बाकी चार प्रतियों को आपूर्तिकर्त्ता अपने विपत्र के साथ संलग्न करेंगे।

17. आपूर्तिकर्त्ता प्रत्येक माह में आपूर्ति किये गये सामग्रियों का विपत्र अगले माह की पाँच तारीख तक प्रभारी आहार गोदाम को भुगतान हेतु समर्पित करेंगे। निविदाकर्त्ता अपने विपत्र पर विपत्र जमा करने की तिथि निश्चित रूप से अंकित करेंगे। राशि की उपलब्धता पर विपत्र का भुगतान किया जायेगा।

कृ०पृ०उ०

18. निदेशक को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि जब आवश्यकता होगी वे किसी भी खाद्य सामग्री की आपूर्ति को पूर्णतः या अंशतः अवधि के लिये बंद कर सकेंगे।

19. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा / पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।

20. निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, को बिना कारण बताये किसी या सभी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।

21. किसी कानूनी विवाद का निबटारा पटना न्यायालय क्षेत्र के अधीन मान्य होगा।

निदेशक,
पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी

**प्रपत्र 'क' (तकनीकी विड)**

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदार्त्ता द्वारा समर्पित सूचना पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से अपलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 1000/– का डिमांड ड्राफ्ट। | |
| 2 | निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में सत्यंकार राशि रुका राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट का प्रमाण जो पटना में भुगतेय हो। | |
| 3 | पैन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति तथा विगत दो वर्षों के आयकर रिटर्न का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 4 | निविदाकर्त्ता को जी.एस.टी. का निबंधन प्रमाण पत्र का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 5 | निविदाकर्त्ता यदि सरकारी संस्थान में पशु आहार सामग्री आपूर्ति का कार्य किए हों तो उक्त संबंधी कार्यादेश की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | |
| 6 | पता और पहचान से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 7 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्त्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर। | |
| 8 | सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदाकर्त्ता का नाम दर्ज होने/ न होने संबंधी घोषणा–पत्र। | |
| 9 | ग्रुप 'क' के निविदाकर्त्ता सामग्री का अलग–अलग नमूना पारदर्शक सीलबंद एवं हस्ताक्षरित डिब्बे में निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड खोलने के समय समर्पित करेंगे अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

# घोषणा–पत्र

मैं........................................................................ पिता का नाम..........................................................

ग्राम.................................... पो० ...................................... थाना............................................ जिला.....

........................घोषणा करता हूँ कि मैं ....................................................................................................

.....................(विभाग / कार्यालय का नाम) में .................................................... से ...........................

......... अवधि तक के लिए खाद्यान सामग्री का आपूर्तिकर्त्ता हूँ/ था तथा उस विभाग / कार्यालय अथवा किसी भी कार्य के लिए किसी सरकारी विभाग / कार्यालय द्वारा मुझे कृष्णचिन्हित किया / नहीं किया गया है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

तिथिः–

## संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी

### ग्रुप 'क' की सामग्री का निविदा प्रपत्र

### (वित्तीय विड)

| Sl. No. | Feed Material | Expected requirement (In Kg.) for 11 months | Rate quoted by tenderer (Rs. per kg.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1 | Kauni | 500.000 | | |
| 2 | Gram flour (Chana Sattu) (Fssai marked packed) | 450.000 | | |
| 3 | Wheat bran (Genhu Chokar) | 30000.000 | | |
| 4 | Millet (Bajra) | 500.000 | | |
| 5 | Cheena | 350.000 | | |
| 6 | Wheat Chaff (Gehun Bhusa) | 120000.00 | | |
| 7 | Arwa Rice (Arwa Chawal) | 1000.000 | | |
| 8 | French bean | 700.000 | | |
| 9 | Arhar Dal | 120.000 | | |
| 10 | Kala Namak | 100.000 | | |
| 11 | Ajwain | 10.000 | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

नोट:–

1– अनुमानित आवश्यकता घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा नाम और पता:

मोबाईल न०

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी।

ग्रुप 'ग' की सामग्री का निविदा प्रपत्र

(वित्तीय विड)

| Sl. No. | Feed Material | Expected requirement (In Kg.) for 11 months | Rate quoted by tenderer (Rs. per kg.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1 | Murga broilers -Live (Upto1 to1.5 kgs.- 300 pieces) | 500.000 | | |
| 2 | Murga broiler **Dressed (fit for consumption)** (Upto1 to1.5 kgs.) | 8000.000 | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

नोटः–

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

1– अनुमानित आवश्यकता घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

पूरा नाम और पताः

मोबाईल न०

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी।

ग्रुप 'घ' की सामग्री का निविदा प्रपत्र

(वित्तीय विड)

| Sl. No. | Feed Material | Expected requirement (In Kg.) for 11 months | Rate quoted by tenderer (Rs. per kg.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1 | Big Fish (Frozen: Iced- Rehu or Katla) | 11000.000 | | |
| 2 | Small Fish- Pothia or same as Pothia (Live/fresh) | 1000.000 | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/-पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

नोटः–

1– अनुमानित आवश्यकता घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा नाम और पताः

मोबाईल न०

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी।

ग्रुप 'ङ' की सामग्री का निविदा प्रपत्र।

(वित्तीय विड)

| Sl. No. | Feed Material | Expected requirement (In Kg.) for 11 months | Rate quoted by tenderer (Rs. per kg.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1 | Sweetpotatoes (Shakarkand) | 1900.000 | | |
| 2 | Spinach Saag (Palak Saag) | 2100.000 | | |
| 3 | Pumpkin (Kaddu) | 2500.000 | | |
| 4 | Tomato (Tamater) | 350.000 | | |
| 5 | Tied Cabbage (Bandha Gobhi) | 2100.000 | | |
| 6 | Watermelon (Tarbooz) | 2000.000 | | |
| 7 | Muskmelon (Kharbooz) | 1080.000 | | |
| 8 | Grapes (Angur) | 120.000 | | |
| 9 | Pomegranate (Anar) | 800.000 | | |
| 10 | Gooseberry (Amala) | 500.000 | | |
| 11 | Green Chilli (Hari Mirch) (fresh) | 50.000 | | |
| 12 | Coriander leaves (Dhania Patta) fresh | 25.000 | | |
| 13 | Methi Patta | 50.000 | | |
| 14 | Egg (in piece) | 5600 pieces | | Each piece |
| 15 | Coconut Dab | 450 pieces | | Each piece |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

नोटः–

1– अनुमानित आवश्यकता घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा नाम और पताः

मोबाईल न०

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु–पक्षियों के खाद्यान सामग्रियों की आपूर्ति दिनांक 01–01–2021 से 30–11–2021 तक करने संबंधी।

ग्रुप 'च' की सामग्री का निविदा प्रपत्र।

(वित्तीय विड)

| Sl. No. | Feed Material | Expected requirement (In Kg.) for 11 months | Rate quoted by tenderer (Rs. per kg.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1 | Sudan grass (Fresh, Green, height not less than 5') | 90000.000 | | |
| 2 | Maize plant (Makai Paudha) (Fresh, Green, height not less than 5') | 90000.000 | | |
| 3 | Barseem grass Fresh & green | 250000.000 | | |
| 4 | Sugar Cane (Ganna) Fresh and green | 12000.000 | | |
| 5 | Jayee Chara (grass) Fresh, green & soft | 10000.000 | | |
| 6 | Bamboo leaves Fresh & Green | 500.000 | | |
| 7 | Branches of leaves (Dal Patta) of Peepal/ Bargad/ Kahua or Gular). Branch should not be more than 15%. | 70000.00 | | |
| 8 | Banana Thumb (Kela thumb) Fresh (Each thumb should not be less than 25 Kgs.) | 900 Banana thumb | | Per Thumb |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

नोटः–

1– अनुमानित आवश्यकता घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा नाम और पताः

मोबाईल न०